**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *209**

**सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)**

**कृषि श्रमिकों के जीवन में सुधार और उनका कल्याण**

***209. प्रो. अच्युतानंद सामंत:**
**श्री डी. के. सुरेश:**

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कृषि श्रमिकों के जीवन में सुधार लाने और उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) ओडिशा के कंधमाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उक्त योजनाओं से लाभान्वित हुए कृषि श्रमिकों का ब्यौरा क्या है और उनके उत्थान के लिए सरकार की अन्य योजनाएं क्या है;

(ग) सरकार द्वारा विशेषकर ग्रामीण और कृषि श्रमिकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त योजनाओं के अंतर्गत राज्य-वार, विशेषकर ओडिशा और कर्नाटक में राज्य-वार और जिला-वार कितनी-कितनी धनराशि आबंटित की गई है; और

(ङ) सरकार द्वारा कृषि श्रमिकों की समुचित शिक्षा, रहन-सहन की स्थिति और दैनिक जरूरतों आदि से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार मंत्री**

**(श्री भूपेंद्र यादव)**

(क) से (ड़): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

** *****

**"कृषि श्रमिकों के जीवन मे सुधार और उनका कल्याण" के संबंध में प्रो. अच्युतानंद सामंत और श्री डी. के. सुरेश द्वारा दिनांक 18-12-2023 पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 209 के भाग (क) से (ड़) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) से (ड़): असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम (यूडब्ल्यूएसएस), 2008 के उपबंधों के अनुसार सरकार (i) जीवन और निःशक्तता कवर; (ii) स्वास्थ्य और प्रसूति प्रसुविधा; (iii) वृद्धावस्था संरक्षण; और (iv) केंद्र सरकार द्वारा यथा निर्धारित कोई अन्य लाभ संबंधी मामलों पर उपयुक्त कल्याणकारी योजनाएं तैयार कर कृषि कामगारों सहित असंगठित क्षेत्र के सभी कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

जीवन और निःशक्तता कवर प्रधान मंत्री जीवन ज्यति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के माध्यम से प्रदान किया जाता है। पीएमजेजेबीवाई योजना के अंतर्गत किसी भी कारण से बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर 2.00 लाख रुपये का जोखिम कवरेज दिया जाता है, जिसका वार्षिक प्रीमियम 436/- रुपये है। पीएमएसबीवाई भी 18 से 70 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है, जिनका बैंक/डाकघर में खाता है। इस योजना के अंतर्गत जो आकस्मिक मृत्यु या पूर्ण स्थायी निःशक्तता के मामले में 2.00 लाख रुपये और दुर्घटना के कारण आंशिक स्थायी निःशक्तता के लिए 1.00 लाख रुपये का जोखिम कवरेज है; इसके लिए 20 रुपये प्रति वर्ष का प्रीमियम है। दिनांक 29.11.2023 तक की स्थिति के अनुसार, पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत ओडिशा के लिए कुल संचयी नामांकन क्रमश: 63,90,697 तथा 1,66,66,162 और कर्नाटक राज्य के लिए 85,52,713 तथा 1,86,95,519 है। ओडिशा और कर्नाटक का जिला-वार ब्यौरा अनुबंध-। में दिया गया है।

स्वास्थ्य और प्रसूति प्रसुविधा आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के माध्यम से अभाव और व्यवसाय मानदंडों के तहत सुनिश्चित किया जाता है। यह द्वितीयक और तृतीयक देखभाल से संबंधित अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5.00 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करता है।

वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने 2019 में प्रधान मंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) पेंशन योजना आरंभ किया है। इस योजना में, 60 वर्ष के आयु प्राप्त करने के बाद 3000/- रुपये मासिक पेंशन प्रदान करने का प्रावधान है। 18-40 वर्ष की आयु वर्ग के वे कामगार, जिनकी मासिक आय 15000/- रुपये या उससे कम है और ईपीएफओ/ ईएसआईसी/ एनपीएस (सरकार द्वारा वित्त पोषित) के सदस्य नहीं हैं, पीएम-एसवाईएम योजना में शामिल हो सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी द्वारा 50% मासिक अंशदान देय है और केंद्र सरकार द्वारा समान अंशदान का भुगतान किया जाता है। योजना के अंतर्गत फंड मैनेजर होने के नाते एलआईसी को सरकार के अंशदान हेतु निधि उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्रवार डेटा नहीं रखा जाता, हालांकि, कृषि कामगारों सहित कुल 2,606 असंगठित कामगारों को ओडिशा के कंधमाल जिले में नामांकित किया गया है। पीएम-एसवाईएम के संबंध में ओडिशा और कर्णाटक में किए गए नामांकन का ब्यौरा अनुबंध-II में दिया गया है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी एनआरईजीएस) एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है। जिसमें प्रत्येक परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल मैनुअल कार्य करने के इच्छुक हो, को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में सौ दिनों का गारंटी युक्त मजदूरी का रोजगार प्रदान करने के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के आजीवका सुरक्षा में वृद्धि करने का प्रावधान है। उपरोक्त के अलावा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण रोजगार अभियान, दीन दयाल अंत्योदय योजना, पीएमस्वनिधि, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा आदि जैसी अन्य योजनाएं भी कृषि कामगारों सहित असंगठित कामगारों के लिए उनकी पात्रता मानदंड के आधार पर उपलब्ध हैं। ये योजनाएं मांग आधारित हैं और तदनुसार बजट आवंटित किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने असंगठित कामगारों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने और असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं/ कल्याणकारी योजनाओं की प्रदायगी की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अगस्त 2021 में ई-श्रम पोर्टल का शुभारंभ किया है। दिनांक 12.12.2023 की स्थिति के अनुसार ई-श्रम पोर्टल पर 29.21 करोड़ से अधिक असंगठित कामगारों का पंजीकरण किया जा चुका है। दिनांक 11.12.2023 तक की स्थिति के अनुसार, ओडिशा के कंधमाल जिले में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत कृषि कामगारों सहित असंगठित कामगारों की कुल संख्या 1,37,450 है।

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पीएम-एसवाईएम योजना के तहत आवंटित निधि निम्नानुसार है:

| वित्त वर्ष | आवंटित बजट (करोड़ रुपये में) |
|---|---|
| 2020-21 | 500 |
| 2021-22 | 400 |
| 2022-23 | 350 |
| 2023-24 | 350 |

इस निधि का उपयोग कार्यान्वयन एजेंसी को भुगतान करने और समय-समय पर एलआईसी द्वारा किए गए समान सरकारी अंशदान और प्रशासनिक खर्चों के भुगतान के लिए किया जाता है।

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 में समुचित सरकार को 6-14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को घर के समीप विद्यालय में निःशुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने हेतु अधिदेश दिया गया है।

**अनुबंध -I**

**'कृषि श्रमिकों के जीवन में सुधार और उनका कल्याण' के संबंध में प्रो. अच्युतानंद सामंत और श्री डी. के. सुरेश द्वारा दिनांक 18-12-2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 209 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| **दिनांक 29.11.2023 तक की स्थिति के अनुसार, पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत जिलावार संचयी नामांकन।** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य** | **जिला** | **पीएमजेजेबीवाई नामांकन** | **पीएमएसबीवाई नामांकन** |
| 1 | ओडिशा | अनुगुल | 248166 | 563539 |
| 2 | ओडिशा | बलांगिर | 249768 | 678199 |
| 3 | ओडिशा | बालेश्वर | 316957 | 896024 |
| 4 | ओडिशा | बरगढ़ | 252110 | 684197 |
| 5 | ओडिशा | भद्रक | 178866 | 568140 |
| 6 | ओडिशा | बौद्ध | 71722 | 186667 |
| 7 | ओडिशा | कटक | 353919 | 985289 |
| 8 | ओडिशा | देवगढ़ | 52157 | 131733 |
| 9 | ओडिशा | ढेंकनाल | 241808 | 574799 |
| 10 | ओडिशा | गजपति | 87086 | 217811 |
| 11 | ओडिशा | गंजाम | 543874 | 1395633 |
| 12 | ओडिशा | जगतसिंहपुर | 155758 | 427697 |
| 13 | ओडिशा | जाजपुर | 236023 | 726593 |
| 14 | ओडिशा | झारसुगुडा | 105824 | 247933 |
| 15 | ओडिशा | कालाहांडी | 179142 | 488242 |
| 16 | ओडिशा | कंधमाल | 113187 | 295295 |
| 17 | ओडिशा | केंद्रपाड़ा | 151709 | 515008 |
| 18 | ओडिशा | केंदुझर | 261771 | 692102 |
| 19 | ओडिशा | खोर्धा | 374241 | 1075620 |
| 20 | ओडिशा | कोरापुट | 192091 | 420885 |
| 21 | ओडिशा | मलकानगिरी | 103581 | 193080 |
| 22 | ओडिशा | मयूरभंज | 427859 | 1025824 |
| 23 | ओडिशा | नबरंगपुर | 148986 | 322329 |
| 24 | ओडिशा | नयागढ़ | 139537 | 355179 |
| 25 | ओडिशा | नुआपाड़ा | 117413 | 270710 |
| 26 | ओडिशा | पुरी | 228205 | 675141 |
| 27 | ओडिशा | रायगड़ा | 149930 | 319696 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28 | ओडिशा | संबलपुर | 206129 | 520491 |
| 29 | ओडिशा | सोनपुर | 96617 | 285371 |
| 30 | ओडिशा | सुंदरगढ़ | 406261 | 926935 |
| 31 | कर्नाटक | बागलकोट | 291891 | 616355 |
| 32 | कर्नाटक | बेंगलुरु शहरी | 1271138 | 2863983 |
| 33 | कर्नाटक | बेंगलुरु ग्रामीण | 189545 | 436587 |
| 34 | कर्नाटक | बेलगावी | 684638 | 1388154 |
| 35 | कर्नाटक | बल्लारी | 223908 | 397795 |
| 36 | कर्नाटक | बीदर | 186772 | 449560 |
| 37 | कर्नाटक | विजयपुरा | 284474 | 656383 |
| 38 | कर्नाटक | चामराजनगर | 144523 | 333766 |
| 39 | कर्नाटक | चिक्कामगलुरु | 195593 | 420438 |
| 40 | कर्नाटक | चित्रदुर्ग | 207224 | 434319 |
| 41 | कर्नाटक | दक्षिण कन्नड़ | 313294 | 881895 |
| 42 | कर्नाटक | दावणगेरे | 255717 | 498300 |
| 43 | कर्नाटक | धारवाड़ | 287763 | 632225 |
| 44 | कर्नाटक | गड़ग | 182219 | 392677 |
| 45 | कर्नाटक | कलबुर्गी | 252558 | 589178 |
| 46 | कर्नाटक | हासन | 273177 | 571140 |
| 47 | कर्नाटक | हावेरी | 255648 | 555504 |
| 48 | कर्नाटक | कोडागु | 103499 | 248838 |
| 49 | कर्नाटक | कोलार | 177731 | 407309 |
| 50 | कर्नाटक | कोप्पल | 167352 | 323669 |
| 51 | कर्नाटक | मांडया | 283122 | 537624 |
| 52 | कर्नाटक | मैसूर | 416718 | 902131 |
| 53 | कर्नाटक | रायचुर | 267266 | 508641 |
| 54 | कर्नाटक | शिवमोगा | 269199 | 573706 |
| 55 | कर्नाटक | तुमकूरु | 341922 | 706339 |
| 56 | कर्नाटक | उडुपी | 214157 | 527008 |
| 57 | कर्नाटक | उत्तर कन्नड़ | 260177 | 608617 |
| 58 | कर्नाटक | चिक्कबल्लापुर | 137080 | 332138 |
| 59 | कर्नाटक | रामनगर | 143072 | 344707 |
| 60 | कर्नाटक | यादगिर | 138219 | 285401 |
| 61 | कर्नाटक | विजयनगर | 133117 | 271132 |

**अनुबंध -II**

**'कृषि श्रमिकों के जीवन में सुधार और उनका कल्याण' के संबंध में प्रो. अच्युतानंद सामंत और श्री डी. के. सुरेश द्वारा दिनांक 18-12-2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 209 के भाग (क) से (ड़) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **जिला** | **पीएमएसवाईएम के तहत पंजीकरण** |
|---|---|---|---|
| 1 | ओडिशा | बालेश्वर | 19099 |
| 2 | ओडिशा | गंजाम | 11782 |
| 3 | ओडिशा | कटक | 11428 |
| 4 | ओडिशा | केंदुझर | 9693 |
| 5 | ओडिशा | जाजपुर | 9644 |
| 6 | ओडिशा | अनुगुल | 8646 |
| 7 | ओडिशा | सुंदरगढ़ | 8121 |
| 8 | ओडिशा | मयूरभंज | 7926 |
| 9 | ओडिशा | कोरापुट | 7608 |
| 10 | ओडिशा | पुरी | 7448 |
| 11 | ओडिशा | भद्रक | 7032 |
| 12 | ओडिशा | केंद्रपाड़ा | 6250 |
| 13 | ओडिशा | बलांगिर | 6058 |
| 14 | ओडिशा | खोर्धा | 6042 |
| 15 | ओडिशा | ढेंकनाल | 5896 |
| 16 | ओडिशा | जगतसिंहपुर | 5858 |
| 17 | ओडिशा | बारगढ़ | 5358 |
| 18 | ओडिशा | नयागढ़ | 5097 |
| 19 | ओडिशा | नबरंगपुर | 4908 |
| 20 | ओडिशा | कालाहांडी | 4899 |
| 21 | ओडिशा | संबलपुर | 4143 |
| 22 | ओडिशा | सोनपुर | 3634 |
| 23 | ओडिशा | गजपति | 3043 |
| 24 | ओडिशा | कंधमाल | 2606 |
| 25 | ओडिशा | नुआपाड़ा | 2553 |
| 26 | ओडिशा | देवगढ़ | 2409 |
| 27 | ओडिशा | बौद्ध | 2366 |
| 28 | ओडिशा | झारसुगुडा | 2287 |
| 29 | ओडिशा | मलकानगिरि | 1977 |
| 30 | ओडिशा | रायगढ़ | 1802 |
| 31 | कर्नाटक | बेलगावी | 13057 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32 | कर्नाटक | दक्षिण कन्नड़ | 12108 |
| 33 | कर्नाटक | बेंगलुरु शहरी | 6804 |
| 34 | कर्नाटक | उत्तर कन्नड़ | 6465 |
| 35 | कर्नाटक | उडुपी | 6406 |
| 36 | कर्नाटक | मैसूर | 6085 |
| 37 | कर्नाटक | शिवमोगा | 5600 |
| 38 | कर्नाटक | तुमकुरु | 5170 |
| 39 | कर्नाटक | चित्रदुर्ग | 4318 |
| 40 | कर्नाटक | विजयपुरा | 4212 |
| 41 | कर्नाटक | बल्लारी | 4198 |
| 42 | कर्नाटक | मांडय | 4192 |
| 43 | कर्नाटक | हासन | 4176 |
| 44 | कर्नाटक | कलबुर्गी | 4167 |
| 45 | कर्नाटक | दावणगेरे | 4035 |
| 46 | कर्नाटक | बागलकोट | 3855 |
| 47 | कर्नाटक | रायचुर | 3721 |
| 48 | कर्नाटक | रामानगर | 3602 |
| 49 | कर्नाटक | बीदर | 3599 |
| 50 | कर्नाटक | हावेरी | 3393 |
| 51 | कर्नाटक | गड़ग | 3323 |
| 52 | कर्नाटक | धारवाड़ | 3171 |
| 53 | कर्नाटक | कोप्पल | 3011 |
| 54 | कर्नाटक | चिक्काबल्लापुर | 3006 |
| 55 | कर्नाटक | यादगिर | 2953 |
| 56 | कर्नाटक | बेंगलुरु ग्रामीण | 2845 |
| 57 | कर्नाटक | कोलार | 2689 |
| 58 | कर्नाटक | चामराजनगर | 2096 |
| 59 | कर्नाटक | चिक्कामगलुरु | 1832 |
| 60 | कर्नाटक | कोडागू | 1189 |

*****